**Series JMS/1**

**SET-1**

कोड नं.
Code No. **3/1/1**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# हिन्दी
# HINDI
## (पाठ्यक्रम अ)
## (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum marks : 80*

**सामान्य निर्देश:**

*(i)* इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं – **क, ख, ग** और **घ**।

*(ii)* चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

## खंड 'क'

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 8

आजकल दूरदर्शन पर आने वाले धारावाहिक देखने का प्रचलन बढ़ गया है। बाल्यावस्था में यह शौक हानिकारक है। दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले धारावाहिक निम्न स्तर के होते हैं। उनमें अश्लीलता, अनास्था, फैशन तथा नैतिक बुराइयाँ ही अधिक देखने को मिलती हैं। छोटे बालक मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होते। इस उम्र में वे जो भी देखते हैं उसका प्रभाव उनके दिमाग पर अंकित हो जाता है। बुरी आदतों को वे शीघ्र ही अपना लेते हैं। समाजशास्त्रियों के एक वर्ग का मानना है कि समाज में चारों ओर फैली बुराइयों का एक बड़ा कारण दूरदर्शन तथा चलचित्र भी हैं। दूरदर्शन से आत्मसीमितता, जड़ता, पंगुता, अकेलापन आदि दोष बढ़े हैं। बिना समय की पाबंदी के घंटों दूरदर्शन के साथ चिपके रहना बिलकुल गलत है। इससे मानसिक विकास रुक जाता है, नज़र कमजोर हो सकती है और तनाव बढ़ सकता है।

(क) आजकल दूरदर्शन के धारावाहिकों का स्तर कैसा है? 2

(ख) दूरदर्शन का दुष्प्रभाव किन पर अधिक पड़ता है और क्यों? 2

(ग) दूरदर्शन के क्या-क्या दुष्प्रभाव हैं? 2

(घ) 'बाल्यावस्था' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए। 1

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

**2.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– 7

कोलाहल हो<br>
या सन्नाटा कविता सदा सृजन करती है<br>
जब भी आँसू हुआ पराजित,<br>
कविता सदा जंग लड़ती है<br>
जब भी कर्ता हुआ अकर्ता<br>
कविता ने जीना सिखलाया<br>
यात्राएँ जब मौन हो गईं<br>
कविता ने चलना सिखलाया<br>
जब भी तम का जुल्म बढ़ा है,<br>
कविता नया सूर्य गढ़ती है,<br>
जब गीतों की फसलें लुटतीं<br>
शीलहरण होता कलियों का,<br>
शब्दहीन जब हुई चेतना

तब-तब चैन लुटा गलियों का
अपने भी हो गए पराए
यों झूठे अनुबंध हो गए
घर में ही वनवास हो रहा
यों गूंगे संबंध हो गए।

(क) कविता कैसी परिस्थितियों में सृजन करती है? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) भाव समझाइए 'जब भी तम का जुल्म बढ़ा है, कविता नया सूर्य गढ़ती है।' 2

(ग) गलियों का चैन कब लुटता है? 1

(घ) 'परस्पर संबंधों में दूरियाँ बढ़ने लगीं' – यह भाव किस पंक्ति में आया है? 1

(ङ) कविता जीना कब सिखाती है? 1

**अथवा**

जो बीत गई सो बात गई।
जीवन में एक सितारा था,
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया।
अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
पर बोलो टूटे तारों पर,
कब अंबर शोक मनाता है?
जो बीत गई सो ब्रात गई।
जीवन में वह था एक कुसुम,
थे उस पर नित्य निछावर तुम,
वह सूख गया तो सूख गया;
मधुबन की छाती को देखो,
सूखी कितनी इसकी कलियाँ,
मुरझाई कितनी वल्लरियाँ,
जो मुरझाई फिर कहाँ खिलीं,
पर बोलो सूखे फूलों पर,
कब मधुबन शोर मचाता है?
जो बीत गई सो बात गई।

(क) 'जो बीत गई सो बात गई' से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) आकाश की ओर कब देखना चाहिए और क्यों? 2

(ग) 'सूखे फूल' और 'मधुबन' के प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए। 1

(घ) टूटे तारों का शोक कौन नहीं मनाता है? 1

(ङ) आपके विचार से 'जीवन में एक सितारा' किसे माना होगा? 1

## खंड 'ख'

3. निर्देशानुसार किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए – 1×3=3

(क) मैंने उस व्यक्ति को देखा जो पीड़ा से कराह रहा था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ख) जो व्यक्ति परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है। (सरल वाक्य में बदलिए)

(ग) वह कौन-सी पुस्तक है जो आपको बहुत पसंद है। (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)

(घ) कश्मीरी गेट के निकल्सन कब्रगाह में उनका ताबूत उतारा गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

4. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **चार** वाक्यों का निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तन कीजिए – 1×4=4

(क) बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ख) बीमारी के कारण वह यहाँ न आ सका। (भाववाच्य में बदलिए)

(ग) माँ के द्वारा बचपन में ही घोषित कर दिया गया था। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(घ) अवनि चाय बना रही है। (कर्मवाच्य में बदलिए)

(ङ) घायल हंस उड़ न पाया। (भाववाच्य में बदलिए)

5. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **चार** रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए- 1×4=4

(क) दादी जी प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़ती हैं।

(ख) रोहन यहाँ नहीं आया था।

(ग) वे मुंबई जा चुके हैं।

(घ) परिश्रमी अंकिता अपना काम समय से पूरा कर लेती है।

(ङ) रवि रोज सवेरे दौड़ता है।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×4=4

(क) 'करुण रस' का एक उदाहरण लिखिए।

(ख) निम्नलिखित काव्य पंक्तियों में निहित रस पहचान कर लिखिए –

तंबूरा ले मंच पर बैठे प्रेमप्रताप,
साज मिले पंद्रह मिनट, घंटा भर आलाप।
घंटा भर आलाप, राग में मारा गोता,
धीरे-धीरे खिसक चुके थे सारे श्रोता।

(ग) 'उत्साह' किस रस का स्थायी भाव है?

(घ) 'वात्सल्य' रस का स्थायी भाव क्या है?

(ङ) 'शृंगार' रस के कौन से दो भेद हैं?

## खंड 'ग'

7. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

किसी दिन एक शिष्या ने डरते-डरते खाँ साहब को टोका, "बाबा ! आप यह क्या करते हैं, इतनी प्रतिष्ठा है आपकी। अब तो आपको भारतरत्न भी मिल चुका है, यह फटी तहमद न पहना करें। अच्छा नहीं लगता, जब भी कोई आता है आप इसी फटी तहमद में सबसे मिलते हैं।" खाँ साहब मुसकराए। लाड़ से भरकर बोले, "धत्! पगली, ई भारतरत्न हमको शहनईया पे मिला है, लुंगिया पे नाहीं। तुम लोगों की तरह बनाव-सिंगार देखते रहते, तो उमर ही बीत जाती, हो चुकती शहनाई। तब क्या रियाज़ हो पाता?"

(क) एक दिन एक शिष्या ने खाँ साहब को क्या कहा? क्यों? 2

(ख) खाँ साहब ने शिष्या को क्या समझाया? 2

(ग) इससे खाँ साहब के स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है? 1

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए – 2×4=8

(क) लेखक ने फादर कामिल बुल्के की याद को 'यज्ञ की पवित्र अग्नि' क्यों कहा है?

(ख) मन्नू भंडारी का अपने पिता से जो वैचारिक मतभेद था उसे अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) 'नेताजी का चश्मा' पाठ में बच्चों द्वारा मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा लगाना क्या प्रदर्शित करता है?

(घ) बालगोबिन भगत अपने सुस्त और बोदे से बेटे के साथ कैसा व्यवहार करते थे और क्यों?

(ङ) 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक ने यात्रा करने के लिए सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा?

**9.** निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – 5

यश है या न वैभव है, मान है न सरमाया;
जितना ही दौड़ा तू उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।
जो है यथार्थ कठिन उसका तू कर पूजन –
छाया मत छूना
मन, होगा दुख दूना।

(क) 'हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है' – इस पंक्ति से कवि किस तथ्य से अवगत करवाना चाहता है? 2

(ख) कवि ने यथार्थ के पूजन की बात क्यों कही है? 2

(ग) 'मृगतृष्णा' का प्रतीकात्मक अर्थ लिखिए। 1

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए- 2×4=8

(क) संगतकार की मनुष्यता किसे कहा गया है। वह मनुष्यता कैसे बनाए रखता है?

(ख) 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर वसंत ऋतु की शोभा का वर्णन कीजिए।

(ग) परशुराम ने अपनी किन विशेषताओं के उल्लेख के द्वारा लक्ष्मण को डराने का प्रयास किया?

(घ) आपकी दृष्टि में कन्या के साथ दान की बात करना कहाँ तक उचित है? तर्क दीजिए।

(ङ) कवि ने शिशु की मुस्कान को दंतुरित मुस्कान क्यों कहा है? कवि के मन पर उस मुस्कान का क्या प्रभाव पड़ा?

**11.** 'जार्ज पंचम की नाक' पाठ के माध्यम से लेखक ने समाज पर क्या व्यंग्य किया है? 4

**अथवा**

सिक्किम की युवती के कथन 'मैं इंडियन हूँ' से स्पष्ट होता है कि अपनी जाति, धर्म-क्षेत्र और संप्रदाय से अधिक महत्वपूर्ण राष्ट्र है। आप किस प्रकार राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य निभाकर देश के प्रति अपना प्रेम प्रकट कर सकते हैं? समझाइए।

## खंड 'घ'

**12.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए– 10

(क) कमरतोड़ महँगाई
- महँगाई के कारण
- समाज पर प्रभाव
- व्यावहारिक समाधान

(ख) स्वच्छ भारत अभियान
- विकास में स्वच्छता का योगदान
- अस्वच्छता से हानियाँ
- रोकने के उपाय

(ग) बदलती जीवन शैली
- जीवन शैली का आशय
- बदलाव कैसा
- परिणाम

**13.** गत कुछ दिनों से आपके क्षेत्र में अपराध बढ़ने लगे हैं जिससे आप चिंतित हैं। इन अपराधों की रोकथाम के लिए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

आपका एक मित्र शिमला में रहता है। आप उसके आमंत्रण पर ग्रीष्मावकाश में वहाँ गए थे और प्राकृतिक सौंदर्य का खूब आनंद उठाया था। घर वापस लौटने पर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

**14.** अतिवृष्टि के कारण कुछ शहर बाढ़ ग्रस्त हैं। वहाँ के निवासियों की सहायतार्थ सामग्री एकत्र करने हेतु एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

बॉल पेनों की एक कंपनी 'सफल' नाम से बाज़ार में आई है। उसके लिए एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में तैयार कीजिए।

अंक-योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'क'** | |
| 1 | 1 | 1 | 1 | | 8 |
| | (क) | (क) | (क) | आजकल दूरदर्शन के धारावाहिक निम्न स्तर के होते हैं। उनमें अश्लीलता, अनास्था, फ़ैशन तथा नैतिक बुराइयाँ ही अधिक देखने को मिलती हैं। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | दूरदर्शन का दुष्प्रभाव बच्चों पर अधिक पड़ता है।<br>बच्चे मानसिक रूप से परिपक्व नहीं होते और इस उम्र में शीघ्र बुराइयों को अपना लेते हैं। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | समय की बर्बादी, मानसिक विकास रुक जाना, आत्मसीमितता, जड़ता, पंगुता, अकेलापन आदि। | 2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | बाल्य + अवस्था / अगर परीक्षार्थी ने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया अथवा गलत किया हो, तब भी पूरे अंक दिए जाएँ। | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | दूरदर्शन का दुष्प्रभाव या कोई अन्य उपयुक्त शीर्षक | 1 |
| 2 | 2 | 2 | 2 | | 7 |
| | (क) | (क) | (क) | जब कोलाहल हो या सन्नाटा हो, कविता सृजन करती है। जब मन में कई तरह के विचार आ रहे हों, मन अशांत हो;<br>या उदास और अकेला हो। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | अन्याय और अत्याचार रूपी अंधकार बढ़ता है तो कविता उससे मुकाबला करने की शक्ति, ऊर्जा, आशा की किरण देती है। | 1+1=2 |

अंक–योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | जब मनुष्य की चेतना सो जाती है, वह अन्याय के विरुद्ध आवाज नहीं उठा पाता। | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | 'अपने भी हो गए पराए' | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | जब लोग कर्मठता से विमुख होने लगते हैं तब कविता उन्हें जीना सिखाती है। | 1 |
| अथवा | अथवा | अथवा | अथवा | | |
| | (क) | (क) | (क) | बीती बातों पर दुख नहीं मनाना चाहिए। बीते अनुभवों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिए। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | जीवन में किसी प्रिय के बिछुड़ने / मृत्यु होने पर ; उससे प्रेरणा / ढाँढ़स पाने के लिए। आकाश अपने सितारों के टूटने पर जिस प्रकार शोक से परे शांत रहता है, सीखने के लिए। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | 'सूखे फूल' – प्रिय जनों की मृत्यु, 'मधुबन' – संसार | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | आकाश | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | जो सबसे प्रिय हो | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड 'ख'** | |
| 3 | 3 | 3 | 3 | (किन्हीं तीन के उत्तर अपेक्षित) | (1x3=3) |
| | (क) | (क) | (क) | मैंने उस व्यक्ति को देखा और वह पीड़ा से कराह रहा था। | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | परिश्रमी व्यक्ति अवश्य सफल होता है। | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | प्रधान / मुख्य उपवाक्य | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | कश्मीरी गेट में जो निकल्सन कब्रगाह है, वहाँ उनका ताबूत उतारा गया। / उनका ताबूत निकल्सन कब्रगाह में उतारा गया जो कश्मीरी गेट में है। | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | (किन्हीं चार के उत्तर अपेक्षित) | (1x4=4) |
| | (क) | (क) | (क) | बालगोबिन भगत के द्वारा प्रभातियाँ गाई जाती थीं। | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | बीमारी के कारण उससे यहाँ न आया गया। | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | माँ ने बचपन में ही घोषित कर दिया था। | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | अवनि द्वारा चाय बनाई जा रही है। | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | घायल हंस से उड़ा न गया। / उड़ा न जा सका। | 1 |

अंक–योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 5 | 5 | 5 | (किन्हीं चार के उत्तर अपेक्षित)<br>(भेद सहित पदनाम – ½ अंक, 1 अन्य बिंदु – ½ अंक) | (1x4=4) |
| | (क) | (क) | (क) | पढ़ती है – सकर्मक क्रिया, स्त्रीलिंग, एकवचन, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | यहाँ – स्थानवाचक क्रिया विशेषण, 'आया था' क्रिया की विशेषता | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | वे – अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ता कारक | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | परिश्रमी– गुणवाचक, विशेषण, विशेष्य-अंकिता, स्त्रीलिंग, एकवचन | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | रवि – व्यक्तिवाचक संज्ञा, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक | 1 |
| 6 | 6 | 6 | 6 | (किन्हीं चार के उत्तर अपेक्षित) | (1x4=4) |
| | (क) | (क) | (क) | 'करुण रस' के उपयुक्त उदाहरण पर उचित अंक प्रदान किए जाएँ। | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | हास्य रस | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | वीर रस | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | वात्सल्य / वत्सल | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | संयोग श्रृंगार और वियोग श्रृंगार | ½ +½ =1 |

अंक-योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड 'ग'** | |
| 7 | 7 | 7 | 7 | | 5 |
| | (क) | (क) | (क) | • डरते-डरते खाँ साहब से कहा – आप फटी तहमद न पहना करो;<br>• आपको भारत रत्न मिला है, आपकी प्रतिष्ठा है, अच्छा नहीं लगता है। | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • भारत रत्न उन्हें शहनाई पर मिला है न कि लुंगी पर<br>• बनाव-श्रृंगार पर ध्यान देने की बजाय कला को निखारने पर ध्यान देना चाहिए। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | सहज, सरल-सादा स्वभाव, निरभिमान / शहनाई को सर्वोपरि मानने का भाव | 1 |
| 8 | 8 | 8 | 8 | (किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित) | (2x4=8) |
| | (क) | – | – | जिस प्रकार यज्ञ की अग्नि की गरमाहट उसके बुझ जाने के बाद भी बनी रहती है उसी प्रकार फ़ादर कामिल बुल्के के करुणामय व्यवहार की ऊष्मा मन में सदैव बची रहेगी। | 2 |
| | (ख) | – | – | • पिता स्त्रियों की आज़ादी के मामले में संकुचित विचारों के थे पर मन्नू जी ऐसी नहीं थीं।<br>• पिता को पढ़ने-लिखने की स्वतंत्रता स्वीकार्य थी पर राजनीतिक आंदोलनों में भाग लेना पसंद नहीं था। मन्नू भंडारी यह सब करना सही मानती थीं। | 2 |

अंक–योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')    कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ग) | – | – | बच्चों के मन में देशप्रेम, देशभक्ति के बीज अंकुरित होना, शहीदों और देशभक्तों के प्रति आदर, सम्मान | 1+1=2 |
| | (घ) | – | – | • अधिक प्यार देना, ज़्यादा ध्यान रखना;<br>• ऐसे लोग निगरानी और मुहब्बत के ज़्यादा हकदार होते हैं। | 1+1=2 |
| | (ङ) | – | – | • अधिक दूरी की यात्रा नहीं होने के कारण<br>• भीड़ से बचने के लिए<br>• एकांत में नई कहानी के बारे में सोचने के लिए<br>• खिड़की से प्राकृतिक दृश्यों का आनंद लेने के लिए<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | 8 | – | | |
| | – | (क) | – | • दिन भर पति और बच्चों की हर उचित–अनुचित इच्छापूर्ति में संलग्न रहना<br>• विरोध और शिकायत न करना<br>• पति की हर ज्यादती को प्राप्य मानकर स्वीकार करना<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | (ख) | – | • देश के शहीदों, देशभक्तों का आदर<br>• छोटे–छोटे कार्यों से देशभक्ति का परिचय<br>• देशप्रेम, देश के प्रति उतरदायित्व | 1+1=2 |
| | – | (ग) | – | दिखावा करने वाले, अहंकारी, सामंती समाज के प्रतीक, नवाबी अकड़ से भरे हुए | 1+1=2 |

अंक-योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')    कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (घ) | – | प्रत्येक के लिए सामान्य से अधिक करुणा का भाव होना; अलग और ऊँचा व्यक्तित्व | 1+1=2 |
| | – | (ङ) | – | सभी धर्मों के प्रति आदर भाव, सीधा-सादा, सरल जीवन, विनम्रता, निरभिमान | 2 |
| | – | – | 8 | | |
| | – | – | (क) | आपकी लड़की का सड़कों पर हुड़दंग करना, लड़कों के साथ हड़ताल करवाना, मान-मर्यादा, इज्ज़त-आबरू का ख्याल नहीं रखना। | 2 |
| | – | – | (ख) | उनकी दिनचर्या हर मौसम और परिस्थिति में अटूट थी। | 2 |
| | – | – | (ग) | एक ओर गंगा, विश्वनाथ बालाजी के प्रति अपार श्रद्धा और दूसरी ओर पाँचों वक्त की नमाज़ पढ़ना, मुहर्रम से विशेष जुड़ाव। | 2 |
| | – | – | (घ) | देवदार जैसा ऊँचा व्यक्तित्व, सभी पर वात्सल्य की छाया, सुख और शीतलता देती करुणा की छाया | 2 |
| | – | – | (ङ) | बलिदानियों का सम्मान न करने वाली कौम का भविष्य उज्ज्वल नहीं/<br>शहीद का सम्मान होना चाहिए न कि हँसी उड़ाई जानी चाहिए। | 2 |
| 9 | 9 (क) | 9 (क) | 9 (क) | हर सुख के पीछे एक दुख भी छिपा रहता है। जीवन में सुख और | 5 |

अंक-योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. 1 | 2 | 3 | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दुख आते-जाते हैं। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | सुखद भविष्य के लिए यथार्थ / कठिन वर्तमान / वास्तविकता का सामना करना जरूरी है। वर्तमान में जीना चाहिए। | 2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | झूठे आकर्षणों के पीछे भ्रमित होना। | 1 |
| 10 | 10 | – | – | (किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित) | (2x4=8) |
| | (क) | – | – | • मुख्य गायक के महत्व / गरिमा को बनाए रखना ;<br>• मुख्य गायक के स्वर से अपना स्वर ऊँचा नहीं रखना | 2 |
| | (ख) | – | – | प्रकृति के कण-कण में सुंदरता, जगह-जगह पर रंग-बिरंगे फूल और सुगंधित वातावरण<br>चारों ओर हरियाली, जन-जन का मन प्रफुल्लित हो जाना | 2 |
| | (ग) | – | – | • बाल ब्रह्मचारी<br>• क्षत्रिय कुल के द्रोही<br>• अत्यंत क्रोधी<br>• करुणा से रहित<br>• सहस्रबाहु का वध करने वाले<br>• बार-बार फरसे का भय दिखाने वाले<br>(किन्हीं चार बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | ½+½+½+½ =2 |

अंक–योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (घ) | – | – | (उचित तर्कपूर्ण उत्तर पर अंक दें।) | 2 |
| | (ङ) | – | – | मुस्कराते समय बच्चों के छोटे-छोटे दाँत दिखते हैं;<br>• कवि पुलकित हो उठता है।<br>• वात्सल्य जाग उठता है।<br>• मन में तरह-तरह की कल्पनाएँ आती हैं। | 1+1=2 |
| | – | 10 | – | विशेष<br>(1) यदि परीक्षार्थी ने (घ) प्रश्न किया है तो उसे पूरे दो (2) अंक दिए जाएँ।<br>(2) यदि उसने अन्य चार विकल्पों का चयन किया है तो जिस प्रश्न के लिए उसे सबसे कम अंक मिले हैं, उसमें पूरे दो (2) अंक दिए जाएँ।<br>(3) अगर परीक्षार्थी ने केवल तीन ही प्रश्न किए हैं तो चौथे प्रश्न के लिए भी उसे पूरे दो (2) अंक दिए जाएँ। | |
| | – | (क) | – | हताश होकर आत्महत्या न करने का, अपनी सुरक्षा के लिए सतर्क रहने का | 2 |
| | – | (ख) | – | अतीत के सुख को याद करके वर्तमान के दुख को नहीं बढ़ाना, वर्तमान के यथार्थ का सामना करना | 2 |
| | – | (ग) | – | कवि के कठोर स्पर्श से बच्चे की आँखों से आँसू यूँ झरने लगे जैसे शेफालिका के फूल झरने लगते हैं /<br>कवि नागार्जुन स्वयं को बबूल और बाँस के समान रूखा और कठोर | |

अंक–योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')　　　　कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | मानते हुए कहते हैं कि बच्चे के स्पर्श से उनमें वात्सल्य की धारा फूट पड़ी। | 2 |
| | – | (घ) | – | यह पाठ्यक्रम से बाहर का प्रश्न है। अंक देने के लिए प्रारंभ में (पृष्ठ 9 पर) दिए गए निर्देश देखें। | 2 |
| | – | (ङ) | – | • अपनी वीरता का बखान खुद नहीं करते।<br>• बातों की जगह युद्ध में प्रताप दिखाते हैं।<br>• धैर्यवान और क्रोध रहित होते हैं।<br>• अपशब्दों का प्रयोग नहीं करते।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | 10 | | |
| | – | – | (क) | • धनुष पुराना था, छूते ही टूट गया।<br>• राम ने उसे नया समझकर उठा लिया था। | 1+1=2 |
| | – | – | (ख) | फागुन की शोभा कवि की आँखों को भा गई है, प्रकृति का अद्भुत सौंदर्य इतना आकर्षक है कि उसकी दृष्टि उससे हटती ही नहीं, मन भरता ही नहीं। | 2 |
| | – | – | (ग) | नदियों के पानी का जादू, मनुष्य के हाथों के स्पर्श की गरिमा, खेतों की मिट्टी का गुण, सूरज की किरणों का रूपांतर, हवा की थिरकन/ मनुष्य का श्रम और प्रकृति के विभिन्न तत्वों–जल, हवा, रोशनी और मिट्टी का सहयोग | 2 |

अंक-योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | – | (घ) | • स्त्री वस्तु-आभूषण के प्रलोभन में बँध सकती है।<br>• मोह ग्रस्त हो अपना अस्तित्व भूल सकती है।<br>• जीवन सुंदरता के भ्रम में सीमित हो सकता है।<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | – | – | (ङ) | • मुख्य गायक का साथ देने वाले को;<br>• स्वयं पृष्ठभूमि में रहकर मुख्य गायक का साथ निभाता है<br>• जब मुख्य गायक का गला बैठने लगता है, उत्साह धीमा पड़ता है, संगतकार हिम्मत देता है। | 1+1=2 |
| 11 | 11 | – | – | (किसी एक विकल्प का उत्तर अपेक्षित)<br>• मानसिक / औपनिवेशिक गुलामी<br>• चाटुकारिता<br>• दिखावा<br>• नौकरशाही में टालने की प्रवृत्ति<br>• गैर ज़िम्मेदारी<br>• पत्रकारिता में कर्तव्यबोध का अभाव।<br>(किन्हीं चार बिंदुओं का विस्तार अपेक्षित) | 4 |
| | अथवा | – | – | (उपयुक्त उत्तर पर अंक दें।) | 4 |
| | – | 11 | – | • परिवार से दूर रहना<br>• प्रकृति के प्रकोप, कड़कड़ाती ठंड, तूफानों के बीच जान हथेली | |

अंक-योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ')    कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | पर रखकर दुश्मन की गोलियों का सामना करना<br>• देश रक्षा में तत्पर, स्नेह और सम्मान, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा।<br>(अन्य उपयुक्त उत्तर पर भी अंक दें।) | 2+2=4 |
| | – | अथवा | – | मूर्ति पर नाक का न होना, सम्मान का प्रश्न, रानी का भारत दौरा; गुलाम मानसिकता, झूठी शान, प्रतिष्ठा, नाक के बहाने से सरकारी तौर-तरीकों पर सवाल | 2+2=4 |
| | – | – | 11 | निरंतरता की अनुभूति कराने वाले पर्वत, प्रवाहमान झरने, फूल, घाटियाँ, वादियों के दुर्लभ नज़ारे, वेगवती तीस्ता नदी, उठती धुंध, ऊपर मँडराते आवारा बादल, हवा में हिलते प्रियुता और रूडोडेंड्रो के फूल; ये सभी चरैवेति-चरैवेति का संदेश दे रहे थे। | 4 |
| | – | – | अथवा | <u>शासन तंत्र में</u> –<br>मानसिक गुलामी, चाटुकारिता, गैर ज़िम्मेदारी, दिखावे की प्रवृत्ति;<br><u>पत्रकारों में</u> –<br>कर्तव्य बोध का अभाव, फ़ैशन और चाटुकारिता की खबरें, मौन विरोध। | 2+2=4 |

अंक–योजना मार्च, 2019

प्रश्न पत्र 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड –'घ'** | |
| 12 | 12 | 12 | 12 | (किसी एक विषय पर निबंध-लेखन अपेक्षित)<br>निबंध–लेखन<br>• भूमिका और उपसंहार – 2<br>• विषयवस्तु – 4<br>• प्रस्तुति – 2<br>• भाषा – 2 | 10 |
| 13 | 13 अथवा | 13 अथवा | 13 अथवा | पत्र–लेखन<br>• प्रारूप – 1<br>• विषयवस्तु – 3<br>• भाषा – 1 | 5 |
| 14 | 14 अथवा | 14 अथवा | 14 अथवा | विज्ञापन–लेखन<br>• रचनात्मक प्रस्तुति – 2<br>• विषयवस्तु – 2<br>• भाषा – 1 | 5 |